# कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे | by Aryan KDR

तेरा सजा दिया दरबार कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे
प्यारा लागे बड़े प्यारा लागे

माथे मोर मुकुट विराजे कानो में तेरे कुण्डल साजे
राधा नाचे गोपी नाचे , बंसी जब जब तेरी बाजे
तोहे मीरा रही है पुकार कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे
प्यारा लागे बड़े प्यारा लागे

चरणों में तेरे शीश नवाऊँ माखन मिश्री का भोग लगाऊं
धाम छोड़ कर कहीं ना जाऊं , जीवन सारा यहीं बिताऊं
तेरे चरणों में मेरा संसार कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे
प्यारा लागे बड़े प्यारा लागे

गुरु हज़ारी आये तेरे द्वारे , सुदेश संतराम हैं तेरे प्यारे
नीरज भगत लिखे भजन तुम्हारे, बाबुल कान्हा तुम्हे पुकारे
दर्शन दो आर्यन को एक बार कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे
प्यारा लागे बड़े प्यारा लागे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-by/